चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 30-11-24 | 2 | 3-5 |

The Tribune

# Hisar agri varsity ties up with New Zealand varsity

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, NOVEMBER 29

To speed up academic work in Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU), a meeting was held under the chairmanship of Vice-Chancellor BR Kamboj between representative of Massey University, New Zealand, senior research officer Craig McGill, and representatives of the university.

Kamboj discussed potential areas of collaboration between both universities with special emphasis on joint degree programmes, certificates courses, student exchange programme and research projects.

Craig also conducted two interactive sessions with faculty and students of the HAU.

He highlighted the extensive range of academic programmes and enlightened the students by discussing the different degree's pathways, fee and scholarships for meritorious students, various fellowships, certificate and diploma courses and post-doctoral opportunities and research opportunities available at Massey University.

The seminar concluded with an interactive Q&A session, where students' queries were answered and they got inspiration to consider Massey University as a stepping stone to a promising international career.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 30.11.2024 | -- | -- |

# HAU joins hands with NZ's Massey University for academic work: Prof. B.R. Kamboj

## Meeting held at HK University to prepare draft for academic work



Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj with Dr. Craig McGill and other officials

@ The Savera Times
Network

**Hisar :** In order to speed up the academic work at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, a meeting was held under the chairmanship of Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj between representative of Massey University New Zealand and Senior Research Officer Dr. Craig McGill and representatives of the University.

Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj said that Haryana Agricultural University is increasing cooperation with prestigious educational institutions of the country and abroad to expand its educational and research programs and by identifying areas of mutual interest with these educational institutions The cooperation between the two universities is moving forward. He said that both the universities are working in coordination on joint degree programmes, certificate courses, student exchange programmes and research projects. Joint degree and diploma courses are being promoted between international universities so that students can get better education. So that they can get encouragement and make their mark at the international level. Earlier also, the students of the university have received training in various fields from Massey University. He said that in future, exchange programs of students and teachers will also be organized. So that by cooperating with each other, expertise can be achieved in different fields.

Massey University representative Dr Craig McGill informed the students about the various degree pathways, scholarships for meritorious students, various fellowship certificates, diploma courses and research work available at Massey University. He emphasised the strong international reputation of the university He said that Massey University is giving priority to state-of-the-art facilities, experienced faculty and new research work. Dr. Craig also shared the success stories of those alumni who have achieved successful global success after studying at Massey University. Stepped into the career.

An interactive Q&A session was organized with scientists and students in which Dr Craig answered the questions of the students and motivated them to make their career bright at Massey University. It is worth noting that Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University and Massey University are affiliated to the University of Delhi. The university is also jointly working on a project on Moringa in which Dr Craig McGill is working with HAU scientists Dr. Jayanti Tokas and Dr. Akshay Bhukar. On this occasion, OSD Dr. Atul Dhingra, Postgraduate Dean Dr. KD Sharma, Dean of Basic Science and Humanities College Dr. Rajesh Gera and in-charge of International Cell Dr. Asha Kwatra were present.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 30-11-24 | 4 | 1-4 |

**मीटिंग** • शैक्षणिक कार्यों का प्रारूप तैयार करने के लिए एचएयू में हुआ मंथन

# एचएयू और मैसी यूनिवर्सिटी न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से करेंगे शैक्षणिक कार्य : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज | हिसार


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ डॉ. क्रेग मैकगिल व अन्य अधिकारीगण।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों को गति देने के लिए मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि और वरिष्ठ शोध अधिकारी डॉ. क्रेग मैकगिल और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज की अध्यक्षता में बैठक हुई।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि एचएयू अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। इन शैक्षणिक संस्थानों के साथ आपसी रुचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों, छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध परियोजनाओं पर आपसी तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त डिग्री और डिप्लोमा कोर्स को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल सके और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें। विद्यार्थियों और शिक्षकों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि एक दूसरे का सहयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता हासिल की सकें।

मैसी विवि के प्रतिनिधि डॉ. क्रेग मैकगिल ने बैठक में विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्री के मार्गों, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, विभिन्न फैलोशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स और मैसी विश्वविद्यालय में उपलब्ध शोध कार्यों बारे बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय की मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर बताया कि मैसी यूनिवर्सिटी में अत्याधुनिक सुविधाएं, अनुभवी संकाय व नए-नए शोध कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। डॉ. क्रेग ने उन पूर्व छात्रों की सफलता की कहानी बैठक में साझा की, जिन्होंने मैसी यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने के बाद सफल वैश्विक करियर में कदम रखा है। वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. क्रेग द्वारा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए और उन्हें मैसी विवि में अपने करियर को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा व अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 30.11.24 | 5 | 5-5 |

# एचएयू और मैसी विवि में बढ़ेगा शैक्षणिक सहयोग



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ डॉ. क्रेग मैकगिल व अन्य अधिकारी। -हप्र

हिसार, 29 नवंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) और न्यूजीलैंड के मैसी विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मैसी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शोध अधिकारी डॉ. क्रेग मैकगिल और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि एचएयू देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त डिग्री, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम, छात्र विनिमय और शोध परियोजनाओं पर काम करेंगे। इस सहयोग से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण और करियर के नए अवसर मिलेंगे।

डॉ. क्रेग मैकगिल ने मैसी विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा, शोध कार्य और उपलब्ध सुविधाओं पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एचएयू और मैसी विश्वविद्यालय द्वारा मोरिंगा प्रोजेक्ट पर भी संयुक्त रूप से काम किया जा रहा है। इस मौके पर विभिन्न शैक्षणिक और वैज्ञानिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.11.24 | 5 | 1-4 |

## एचएयू और न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से करेंगे शैक्षणिक कार्य

जागरण संवाददाता • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों को गति देने के लिए मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि और वरिष्ठ शोध अधिकारी डा. क्रेग मैकगिल और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज की अध्यक्षता में बैठक हुई।



हकृवि में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ डा. क्रेग मैकगिल व अधिकारी • पीआरओ

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और इन शैक्षणिक संस्थानों के साथ आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों, छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध परियोजनाओं पर आपसी तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त डिग्री और डिप्लोमा कोर्स को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल सके और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मैसी विश्वविद्यालय से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में विद्यार्थियों और शिक्षकों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि एक दूसरे का सहयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता हासिल की सके।

मैसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डा. क्रेग मैकगिल ने बैठक में विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्री के मार्गों, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, विभिन्न फैलोशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स और मैसी विश्वविद्यालय में उपलब्ध शोध कार्यों बारे विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मैसी यूनिवर्सिटी में अत्याधुनिक सुविधाएं, अनुभवी संकाय व नए-नए शोध कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। डा. क्रेग ने उन पूर्व छात्रों की सफलता की कहानी भी बैठक में साझा की जिन्होंने मैसी यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने के पश्चात सफल वैश्विक करियर में कदम रखा है। इसमें डा. क्रेग मैकगिल एचएयू वैज्ञानिक डा. जयंती टोकस व डा. अक्षय भुकर के साथ कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजेश गेरा व अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डा. आशा क्वात्रा उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 30.11.24 | 4 | 6-8 |

# एचएयू और न्यूजीलैंड की मैसी यूनिवर्सिटी मिलकर करेंगे अनुसंधान कार्य : प्रो. कांबोज



कुलपति प्रो. कांबोज के साथ डॉ. क्रेग मैकगिल व अन्य अधिकारीगण। स्रोत : संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों को गति देने के लिए न्यूजीलैंड की मैसी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि और वरिष्ठ शोध अधिकारी डॉ. क्रेग मैकगिल हिसार पहुंचे। इस दौरान आयोजित बैठक में एचएयू के कुलपति प्रो बीआर कांबोज ने बताया कि न्यूज़ीलैंड की यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर शैक्षणिक कार्य किए जाएंगे।

प्रो. कांबोज बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक व अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और इन शैक्षणिक संस्थानों के साथ आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों, छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध परियोजनाओं पर आपसी तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त डिग्री और डिप्लोमा कोर्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मैसी विश्वविद्यालय से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। मैसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ. क्रेग मैकगिल ने बैठक में विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्री के मार्गों, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, विभिन्न फैलोशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स और मैसी विश्वविद्यालय में उपलब्ध शोध कार्यों बारे विस्तार से बताया। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 30.11.24 | 4 | 3-5 |


# हकृवि और मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से करेंगे शैक्षणिक कार्य: प्रो. काम्बोज



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ डॉ. क्रेग मैकगिल व अन्य अधिकारीगण।*

## शैक्षणिक कार्यों का प्रारूप तैयार करने के लिए बैठक आयोजित

हिसार, 29 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों को गति देने के लिए मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि और वरिष्ठ शोध अधिकारी डॉ. क्रेग मैकगिल और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच कुलपति प्रो बी. आर. काम्बोज की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और इन शैक्षणिक संस्थानों के साथ आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों, छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध परियोजनाओं पर आपसी तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त डिग्री और डिप्लोमा कोर्स को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल सके और वे अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सके। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मैसी विश्वविद्यालय से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में विद्यार्थियों और शिक्षकों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि एक दूसरे का सहयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता हासिल की सके।

मैसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ. क्रेग मैकगिल ने बैठक में विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्री के मार्गों, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, विभिन्न फैलोशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स और मैसी विश्वविद्यालय में उपलब्ध शोध कार्यों बारे विस्तार से बताया।

वहीं वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. क्रेग द्वारा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। इस अवसर पर ओ.एस.डी. डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा व अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30.11.24 | 5 | 3-6 |


# एचएयू और मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से करेंगे शैक्षणिक कार्य : प्रो. काम्बोज

## शैक्षणिक कार्यों का प्रारूप तैयार करने के लिए हकृवि में बैठक आयोजित

हिसार, 29 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों को गति देने के लिए मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि और वरिष्ठ शोध अधिकारी डॉ क्रेग मैकगिल और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच कुलपति प्रो बी. आर. काम्बोज की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और इन शैक्षणिक संस्थानों के साथ आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों, छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध परियोजनाओं पर आपसी तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त डिग्री और



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ डॉ. क्रेग मैकगिल व अन्य अधिकारी।

डिप्लोमा कोर्स को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल सके और वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सके। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मैसी विश्वविद्यालय से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में विद्यार्थियों और शिक्षकों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि एक दूसरे का सहयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता हासिल की सके। मैसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ क्रेग मैकगिल ने बैठक में विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्री के मार्गों, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, विभिन्न फैलोशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स और मैसी विश्वविद्यालय में उपलब्ध शोध कार्यों बारे विस्तार से बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय की मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर जोर देते हुए बताया कि मैसी यूनिवर्सिटी में अत्याधुनिक सुविधाएं, अनुभवी संकाय व नए-नए शोध कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। डॉ. क्रेग ने उन पूर्व छात्रों की सफलता की कहानी भी बैठक में सांझा की जिन्होंने मैसी यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने के पश्चात सफल वैश्विक करियर में कदम रखा है। वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया जिसमें डॉ क्रेग द्वारा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए और उन्हें मैसी विश्वविद्यालय में अपने करियर को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और मैसी विश्वविद्यालय द्वारा मोरिंगा के एक प्रोजेक्ट पर संयुक्त रूप से भी कार्य किया जा रहा है जिसमें डॉ. क्रेग मैकगिल एचएयू वैज्ञानिक डॉ. जयंती टोकस व डॉ. अक्षय भुकर के साथ कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा व अंतर्राष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 30.11.24 | 12 | 3-8 |

### एचएयू व मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड मिलकर करेंगे शैक्षणिक कार्य : प्रो. काम्बोज

# शैक्षणिक कार्यों का प्रारूप तैयार करने के लिए हुआ मंथन

- अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त डिग्री और डिप्लोमा कोर्स को बढ़ावा दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज. ⏩हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों को गति देने के लिए मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि और वरिष्ठ शोध अधिकारी डॉ. क्रेग मैकगिल और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच कुलपति प्रो बीआर काम्बोज की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। कुलपति प्रो. काम्बोज ने शुक्रवार को बताया कि हकृवि अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और इन शैक्षणिक संस्थानों के साथ आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों, छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध परियोजनाओं पर आपसी तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त डिग्री और डिप्लोमा कोर्स को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल सके और वे अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सके। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मैसी विश्वविद्यालय से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ डॉ. क्रेग मैकगिल व अन्य अधिकारीगण।

### छात्रों को रोजगार परक शिक्षा की जानकारी दी

मैसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ. क्रेग मैकगिल ने बैठक में विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्री के मार्गों, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, विभिन्न फैलोशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स और मैसी विवि में उपलब्ध शोध कार्यों बारे विस्तार से बताया। उन्होंने विवि मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर जोर देते हुए बताया कि मैसी यूनिवर्सिटी में अत्याधुनिक सुविधाएं, अनुभवी संकाय व नए-नए शोध कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों के साथ एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया जिसमें डॉ. क्रेग द्वारा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए और उन्हें मैसी विवि में अपने करियर को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और मैसी विश्वविद्यालय द्वारा मोरिंगा के एक प्रोजेक्ट पर संयुक्त रूप से भी कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा व अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | **29.11.2024** | -- | -- |

# एचएयू और मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से करेंगे शैक्षणिक कार्यः प्रो. बीआर काम्बोज

## शैक्षणिक कार्यों का प्रारूप तैयार करने के लिए हकृवि में बैठक आयोजित

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों को गति देने के लिए मैसी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि और वरिष्ठ शोध अधिकारी डॉ क्रेग मैकगिल और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच कुलपति प्रो बी. आर. काम्बोज की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ डॉ. क्रेग मैकगिल व अन्य अधिकारीगण

कुलपति ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक तथा अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तार देने के लिए देश-विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है और इन शैक्षणिक संस्थानों के साथ आपसी रूचि के क्षेत्रों की पहचान करके आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों, छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध परियोजनाओं पर आपसी तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त डिग्री और डिप्लोमा कोर्स को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल सके और वे अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सके। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मैसी विश्वविद्यालय से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में विद्यार्थियों और शिक्षकों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि एक दूसरे का सहयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता हासिल की सके।

मैसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ क्रेग मैकगिल ने बैठक में विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्री के मार्गों, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, विभिन्न फैलोशिप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स और मैसी विश्वविद्यालय में उपलब्ध शोध कार्यों बारे बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय की मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर जोर देते हुए बताया कि मैसी यूनिवर्सिटी में अत्याधुनिक सुविधाएं, अनुभवी संकाय व नए-नए शोध कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. केडी शर्मा, डॉ. राजेश गेरा व डॉ. आशा क्वात्रा उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 30-11-25 | 3 | 4-5 |

# कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की टीम फाइनल में पहुंची

हिसार, 29 नवंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने अपने निर्धारित ओवर में 175 रनों का विशाल स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सागर ने 33, रोहित ने 42 तथा संदीप ने 36 रन बनाए। इसके जवाब में खेलने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल की टीम महज 83 रन पर ढेर हो गई। सागर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज के मुकाबले में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स डॉ. एसबी



मैच के दौरान शॉट खेलता खिलाड़ी।

लुथरा मुख्यातिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और उन्हें खेल की भावना को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, रणधीर ढाका, डॉ. प्रवेश अंतिल, निर्मल सिंह, दलजीत सिंह, इन्दु चौधरी, ट्रांसपोर्ट ऑफिसर मंजीत सिंह, रविंदर खुराना एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 30-11-24 | 4 | 1-2 |

# एचएयू के कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज की क्रिकेट टीम फाइनल में पहुंची

## सेमीफाइनल में बावल के कृषि महाविद्यालय को 92 रन से हराया

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज हिसार और कृषि महाविद्यालय बावल के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले को 92 रन से जीतकर हिसार की क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी एचएयू के कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम ने अपने निर्धारित ओवर में 175 रन का स्कोर बनाया। सागर ने 33, रोहित ने 42 व संदीप ने 36 रन बनाए। इसके जवाब में खेलने उतरी कृषि महाविद्यालय बावल की टीम महज 83 रन पर ढेर हो गई। सागर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स डॉ. एसबी लुथरा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, रणधीर ढाका, डॉ. प्रवेश अंतिल, निर्मल सिंह आदि उपस्थित रहे।



मैच में शॉट खेलता खिलाड़ी *संवाद*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.11.25 | 5 | 7-8 |


# मैच जीतकर कालेज आफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की टीम पहुंची फाइनल में



हकृवि में इंटर कालेज क्रिकेट प्रतियोगिता में मैच के दौरान शाट खेलता खिलाड़ी • पीआरओ

जागरण संवाददाता • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंटर कालेज क्रिकेट प्रतियोगिता में कालेज आफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी और कालेज आफ एग्रीकल्चर बावल के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कालेज आफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की टीम ने 175 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए सागर ने 33, रोहित ने 42 तथा संदीप ने 36 रन बनाए। कालेज आफ एग्रीकल्चर बावल की टीम महज 83 रन पर ढेर हो गई।

सागर को मैन आफ द मैच घोषित किया। टूर्नामेंट के मुकाबले में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के डायरेक्टर आफ स्पोर्ट्स डा. एसबी लुथरा मुख्यातिथि रहे। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डा. बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डा. सुशील लेगा, रणधीर आदि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 30-11-24 | 9 | 7-8 |



हिसार। क्रिकेट मैच के दौरान प्रतिभा का प्रदर्शन करते खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

# कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की टीम क्रिकेट के फाइनल में पहुंची

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने अपने निर्धारित ओवर में 175 रनों का विशाल स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सागर ने 33, रोहित ने 42 तथा संदीप ने 36 रन बनाए। इसके जवाब में खेलने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल की टीम महज 83 रन पर ढेर हो गई। सागर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट के आज के मुकाबले में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स डॉ. एसबी लूथरा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हे खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, रणधीर ढाका, डॉ. प्रवेश अंतिल, निर्मल सिंह, दलजीत सिंह, इंदू चौधरी, ट्रांसपोर्ट ऑफिसर मंजीत सिंह, रविंदर खुराना एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30.11.24 | 5 | 1 |

## एचएयू के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की टीम फाइनल में पहुंची

**हिसार।** एचएयू के इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने अपने निर्धारित ओवर में 175 रन का स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सागर ने 33, रोहित ने 42 तथा संदीप ने 36 रन बनाए। इसके जवाब में खेलने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल की टीम महज 83 रन पर ढेर हो गई। सागर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट के मुकाबले में जीजेयू के डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स डॉ. एसबी लुथरा मुख्यातिथि रहे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा, रणधीर ढाका, डॉ. प्रवेश अंतिल, निर्मल सिंह, दलजीत सिंह, इन्दु चौधरी, ट्रांसपोर्ट ऑफिसर मंजीत सिंह, रविंदर खुराना उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30.11.24 | 5 | 1-2 |

# हकृवि के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग की टीम फाइनल में पहुंची

हिसार, 29 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने अपने निर्धारित ओवर में 175 रनों का विशाल स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सागर ने 33, रोहित ने 42 तथा संदीप ने 36 रन बनाए। इसके जवाब में खेलने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल की टीम महज 83 रन पर ढेर हो गई। सागर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट के आज के मुकाबले में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स डॉ. एसबी लुथरा मुख्यातिथि रहे। उन्होंने खिलाडियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हे खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ सुशील लेगा, रणधीर ढाका, डॉ. प्रवेश अंतिल, निर्मल सिंह, दलजीत सिंह, इन्दु चौधरी, ट्रांसपोर्ट ऑफिसर मंजीत सिंह, रविंदर खुराना एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 29.11.2024 | -- | -- |

हकृवि में इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता जारी

# फाइनल में पहुंची कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग टीम

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया।

इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने अपने निर्धारित ओवर में 175 रनों का विशाल स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सागर ने 33, रोहित ने 42 तथा संदीप ने 36 रन बनाए। इसके जवाब में खेलने उतरी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल की टीम महज 83 रन पर ढेर हो गई। सागर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

टूर्नामेंट के आज के मुकाबले में गुरू जम्भेश्वर विश्विद्यालय, हिसार के डायरेक्टर ऑफ स्पोंटस डॉ. एसबी लुथरा मुख्यातिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हे खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।



मैच के दौरान शॉट खेलता खिलाड़ी।

इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ बलजीत गिरधर, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ सुशील लेगा, रणधीर ढाका, डॉ. प्रवेश अंतिल, निर्मल सिंह, दलजीत सिंह, इन्दु चौधरी, ट्रांस्पोर्ट ऑफिसर मंजीत सिंह, रविंदर खुराना एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।